अव्यवस्था

जिम्मेदार बेखबर, लोग परेशान, बमचक डोसे के बाजू की गली का हाल बदहाल

# नालियां चोक, सड़क पर बह रहा गंदा पानी





**नवभारत,जबलपुर।** विक्टोरिया अस्पताल से कुछ दूरी पर स्थित बमचक डोसे वाली गली की नालियां इन दिनों कचरे से पैक हो चुकीं हैं जिसका नतीजा है कि अब गंदा पानी सड़कों पर बहने लगा है। स्थानीयजनों का कहना है कि सफाई अमले द्वारा क्षेत्र की नालियों को साफ नहीं किया जाता जिसका खामियाजा अब उन्हें भुगतना पड़ रहा है। लोगों ने नगर निगम कमिश्नर रामप्रकाश अहिरवार से मांग की है कि उनके इलाके में ड्यूटी करने वाले सफाई अमले और सफाई अधिकारी पर सख्त कार्रवाई करें और इलाके की नालियों की सफाई कराएं।

### अघोषित टॉयलेट का अड्डा बना मुसीबत

सोशल मीडिया में वायरल हुई तस्वीरों में स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि कितने दिनों का कचरा सड़क किनारे पड़ा है । बताया जा रहा है कि ये कचरा दुर्गंध भी मार रहा है जिससे लोगों का वहां से गुजरना भी मुश्किल हो रहा है। उधर मालवीय चौक साहू न्यूज एजेंसी से कुछ दूरी पर फैली गंदगी और अघोषित टॉयलेट की दुर्गंध से व्यापारी खासा परेशान हो चुके हैं।

## जैविक हाट : नए उत्पादों ने बढ़ाया आकर्षण

**जबलपुर।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा जबलपुर कृषि उपज मंडी में आयोजित किये जा रहे साप्ताहिक जैविक हाट का इस रविवार को भी सफल आयोजन किया गया। खेत से थाली तक शुद्ध आहार की अवधारणा पर आधारित जैविक हाट में प्राकृतिक एवं जैविक खेती करने वाले किसानों ने अपने उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय किया। बड़ी संख्या में नागरिकों ने रसायन-मुक्त एवं स्वास्थ्यवर्धक खाद्य सामग्री की खरीदी की। इस रविवार को लगाये गये साप्ताहिक जैविक हाट में सब्जियों एवं फलों के साथ कदम के फूल, करौंदा, कटहल, विभिन्न प्रकार के अनाज, मक्का तथा पनीर, दही एवं शुद्ध देशी घी जैसे दुग्ध उत्पाद भी उपलब्ध रहे। नये उत्पादों के शामिल होने से उपभोक्ताओं का उत्साह और किसानों को बेहतर प्रतिसाद प्राप्त हुआ, जिससे उन्हें अपने उत्पादों का उचित मूल्य मिला। इस बार जैविक हाट के आयोजन की जिम्मेदारी किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के सिहोरा अनुभाग को सौंपी गई थी। हाट का संचालन अनुविभागीय कृषि अधिकारी मनीषा पटेल एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी जे एस राठौर के मार्गदर्शन में किया गया।

# युवाओं को नशामुक्त कर राष्ट्र निर्माण के लिए किया प्रेरित



**नवभारत, जबलपुर।** युवाओं को नशा मुक्ति के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से सेवा भारती प्रान्त संगठन मंत्री आत्माराम का शांतम प्रज्ञा आश्रम, नशा मुक्ति, मनोआरोग्य एवं दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में आगमन हुआ। उन्होंने आश्रम में उपचाररत नशा पीड़ित एवं मानसिक रूप से अस्वस्थ मरीजों से संवाद किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि किसी भी राष्ट्र की उन्नति के लिए वहाँ की युवा पीढ़ी का शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ होना अत्यंत आवश्यक है। युवा ही राष्ट्र का भविष्य होते हैं तथा राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। वे देश की ऊर्जा, नई सोच और भविष्य की रीढ़ हैं तथा नवाचार, सामाजिक परिवर्तन एवं आर्थिक विकास के प्रमुख संवाहक हैं। उन्होंने कहा कि आज भारत को सामाजिक रूप से और अधिक सशक्त होने की आवश्यकता है। पाश्चात्य सभ्यता का अंधानुकरण युवाओं के पथभ्रष्ट होने का प्रमुख कारण बनता जा रहा है। समाज में तेजी से बढ़ रही नशे की प्रवृत्ति एवं आत्महत्या जैसी गंभीर समस्याओं को रोकने का सबसे प्रभावी उपाय यह है कि माता-पिता, परिवार एवं शिक्षक बच्चों से नियमित संवाद करें, उनकी भावनाओं को समझें तथा उन्हें उचित मार्गदर्शन दें। साथ ही भारत के सांस्कृतिक मूल्यों का व्यापक प्रचार-प्रसार हो, जिससे युवा स्वयं, परिवार, समाज एवं राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों को समझें और उनका निर्वहन करें।

### सेवा भारती पूरे भारत में कर रही निरंतर सामाजिक कार्य

इस अवसर पर आत्माराम ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सेवा कार्यों एवं सेवा भारती के विभिन्न प्रकल्पों की जानकारी देते हुए बताया कि सेवा भारती पूरे भारत में स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार एवं सामाजिक सेवा के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है। समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को मुख्यधारा से जोड़ना सेवा भारती का प्रमुख ध्येय है। इस अवसर पर सेवा भारती प्रान्त संगठन मंत्री आत्माराम, मुकेश पटेल, रॉयल एकेडमी के राकेश, रामावतार कुशवाहा तथा शांतम प्रज्ञा आश्रम के संचालक मुकेश कुमार सेन उपस्थित रहे।

# सूने मकान की अलमारी से उड़ाए नगदी और जेवर



**नवभारत,जबलपुर।** गोराबाजार थाना अंतर्गत तिलहरी चैतन्य सिटी में चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाया। शातिर चोरों ने बंद घर का ताला कटर से काटकर अंदर प्रवेश किया। इसके बाद अलमारी के लॉकर तोड़कर नगदी सहित सोने-चांदी के कीमती आभूषण पार कर दिए। चोरों ने किराएदार के साथ-साथ मकान मालिक के कमरे में रखे कैश पर भी हाथ साफ किया है। पुलिस ने अपराध दर्ज कर अज्ञात आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, चैतन्य सिटी फेस-2 तिलहरी निवासी 58 वर्षीय वंदना पाटिल मेडिकल में कार्यरत हैं। वे बीते 25 जुलाई की शाम को दिल्ली-गाजियाबाद में रहने वाली अपनी बेटी ज्योति शर्मा से मिलने गई थीं। घर पर कोई नहीं था, जिसका फायदा चोरों ने उठाया। पीड़िता जब वापस जबलपुर लौटीं, तो मुख्य चैनल गेट का ताला टूटा हुआ मिला। अंदर जाने पर कमरों के दरवाजे खुले थे और अलमारी का लॉक टूटा था।

चोरों ने अलमारी खंगालकर उसमें रखे 50,000 नगद, एक सोने की चैन, दो टूटी हुई सोने की अंगूठियां और चांदी के सिक्के चोरी कर लिए थे। वारदात की जानकारी मिलते ही वंदना पाटिल ने मकान मालिक राहुल रघुवंशी को फोन कर घटना की सूचना दी। जब मकान मालिक ने अपने कमरे की जांच की, तो उनके होश उड़ गए। चोरों ने राहुल रघुवंशी के कमरे का ताला भी तोड़ा था और वहां रखे 20,000 नगद समेट ले गए थे।

# शिविर में 173 सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों व परिजनों की जांच



**नवभारत, जबलपुर।** पुलिस लाइन अस्पताल में रविवार को जबलपुर हॉस्पिटल के सहयोग से नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में सेवा निवृत्त पुलिस अधिकारी कल्याण संघ के सदस्यों, उनके परिजनों तथा पुलिस लाइन में पदस्थ पुलिसकर्मियों और उनके परिवारों ने हिस्सा लिया।

शिविर का संचालन जबलपुर हॉस्पिटल के डायरेक्टर राजेश धीरावाणी के नेतृत्व में किया गया। टीम में मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. नितिन चौधरी, डॉ. शब्द सिंह, डॉ. विपिन यादव तथा स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. आरुषी जैन शामिल रहीं। शिविर में लगभग 200 लोग पहुंचे, जिनमें 173 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस अवसर पर पूर्व उप पुलिस महानिरीक्षक मनोहर वर्मा तथा सेवा निवृत्त पुलिस अधिकारी कल्याण संघ के अध्यक्ष राजेश तिवारी ने राजेश धीरावाणी का पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। इसके बाद ए.पी. तिवारी, मिथलेश तिवारी, आर.एस. कालरा, डी.एल. तिवारी, विनोद श्रीवास्तव, ओमप्रकाश परवार, अखिल वर्मा तथा सचिव अशोक तिवारी ने चिकित्सक दल का सम्मान किया। शिविर में सेवा निवृत्त उप पुलिस अधीक्षक हेमंत तिवारी ने सपरिवार स्वास्थ्य परीक्षण कराया। इसके अलावा रविंद्र गौतम, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, सुशील चौहान, कौशल सिंह, डी.एल. तिवारी, विनोद श्रीवास्तव तथा हाल ही में मुंबई से लौटे मिथलेश तिवारी ने भी जांच कराई। कार्यक्रम में हाकम सिंह, रामाश्रय मिश्रा, राजकुमार, नियाजुल, रियाज अहमद, राकेश तिवारी, राजेंद्र सोनी, अकवाल बहादुर, आलम सिंह और गोविंद सुरैया सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे। शिविर को सफल बनाने में पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय, आरआई आर्य, सूबेदार मनोज तथा सूबेदार रुमा सिंह का विशेष सहयोग रहा।

एक नजर में

### मोहम्मद रफ़ी की याद में रांझी में संगीत संध्या



**नवभारत, जबलपुर।** रांझी मोनी तिराहा पर रविवार 2 अगस्त को मोहम्मद रफ़ी की याद में एक संगीत संध्या का आयोजन किया गया। राजेश श्रीवास और डॉ. के. के. मिश्रा द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आलोक मिश्रा, चिंटू चौकसे और थाना प्रभारी उमेश गुहलानी उपस्थित रहे। इस दौरान उपस्थित अतिथियों और प्रबुद्ध जनों ने मोहम्मद रफ़ी के यादगार गीतों का आनंद लिया और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में निर्मल जैन, अशोक बर्मन, जगदीश दाहिया, नारायण गुप्ता, आशुतोष वत्स और संजू सहित अनेक गणमान्य नागरिक तथा संगीत प्रेमी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### रामकिशोर शिवहरे बने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय परिषद सदस्य



**नवभारत, जबलपुर।** आम आदमी पार्टी के समर्पित एवं कर्मठ नेता मध्य प्रदेश संगठन मंत्री एडवोकेट रामकिशोर शिवहरे आम आदमी पार्टी में राष्ट्रीय परिषद के सदस्य चुने गए हैं। पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पंकज गुप्ता एवं मध्य प्रदेश प्रभारी जितेन्द्र सिंह तोमर की उपस्थिति में उनके मार्गदर्शन में समस्त सक्रिय सदस्यों की संयुक्त बैठक में यह निर्णय लिया गया। रामकिशोर शिवहरे के सदस्य चुने जाने पर सभी की ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं। यह सफलता उनके निरंतर संगठनात्मक कार्य, जनसेवा के प्रति समर्पण तथा पार्टी की विचारधारा के प्रति निष्ठा का परिणाम है।

## हस्तनिर्मित राखियाँ बनाकर आत्मनिर्भर बन रहे दिव्यांग बच्चे



**नवभारत, जबलपुर।** भाई-बहन का पवित्र त्योहार रक्षाबंधन आ रहा है और इस अवसर पर हर वर्ष की भांति विकलांग सेवा भारती स्नेह नगर के मानसिक मंद छात्र-छात्राएं अपने हाथों से राखियाँ बना रहे हैं। इस मौके पर प्राचार्य राकेश शर्मा ने बताया कि रेशम के धागों व अन्य चीजों से हस्तनिर्मित राखियाँ बनाई जा रही हैं जिससे ये बच्चे स्वावलंबन और आत्मनिर्भर बन सकें। इन राखियों को बेचने के लिए निजी एवं सरकारी स्कूलों और कॉलेजों में स्टॉल लगाए जाएंगे। इन स्टॉलों से हर साल लोग बड़ी संख्या में इन दिव्यांग बच्चों की बनाई राखियाँ खरीदते हैं और इनके कार्यों की सराहना भी करते हैं।

# गणेश उत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित




**नवभारत, जबलपुर।** स्थानीय एकता विहार रतन नगर स्थित श्री सुखेश्वर गणेश मंदिर में श्री गणेश पर्व 2026 की तैयारी को लेकर वृहद बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी पधारे हुए भक्तों का स्वागत किया गया।

मंच पर मुख्य रूप से समिति के अध्यक्ष विजय चौधरी, सचिव अनिल कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष राकेश पटेल, पुष्कल चौधरी, लखन मिश्रा, राम अवतार सारडा, रामेश्वर चौबे, अशोक शर्मा, एससी तिवारी मौजूद रहे। सभी भक्तों ने अपने-अपने सुझाव दिए, जिसमें मुख्य रूप से सभी भक्तों के साथ मिट्टी के दीपक के साथ भगवान की सामूहिक आरती मुख्य रूप से की जाएगी। विभिन्न समितियों का गठन किया गया, जिसमें मातृशक्ति के रूप में रुक्मणी जोशी, अनुसूईया सिंह, वैशाली कर्णीक, इंदु तिवारी, सीमा राय, मंजू पटेल, स्मिता चौधरी, सीमा सिंह, जुग्गी, विभु चौधरी, संतोष एवं अन्य मौजूद रहीं।

# अपराजिता ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया

**नवभारत, जबलपुर।** प्रकृति को सहेजने और संवारने का प्रण लेकर अपराजिता संस्था के यस बिज ग्रुप ने भंवरताल गार्डन में दोपहर 3 बजे एक छोटी सी संगोष्ठी का आयोजन किया, जिसमें सभी सदस्यों ने हरियाली के प्रतीक हरे रंग की साड़ी पहनकर इस कार्यक्रम को और सुंदर बना दिया। इसके बाद सभी सदस्यों ने मिलकर बेल का पेड़ रोपा और इसके साथ ही सदस्यों को एक-एक आम, नीम, आंवला, बिही और अन्य प्रकार के पेड़ लगाने के लिए दिए गए। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्ष सीमा शर्मा ने कहा कि पेड़ लगाना आसान है परंतु उसे जीवित रखना कठिन है, इसलिए हमें आज यह प्रण करना होगा कि हम इसे लगाने के साथ इसकी सेवा भी करेंगे और इन्हें आज से अपना मित्र बनाकर इस फ्रेंडशिप डे को यादगार बना देंगे। इस अवसर पर संस्था अपराजिता व यस बिज ग्रुप की सीमा शर्मा, शोभना, रिति डोक, गायत्री कोस्टा, पिंकी, कल्पना विनोदिया, ज्योति, रश्मि, जयंती, अलका, शिल्पा, माला उपाध्याय, रश्मि यादव, मंजू सोनी, जयश्री मिश्रा, सुमन भदौरिया, कुमकुम, संगीता एवं अन्य सदस्य मौजूद रहीं।



## जो धर्म की रक्षा करता है धर्म उसकी रक्षा करता है : स्वामी नृसिंहदेवाचार्य



**नवभारत, जबलपुर।** धर्मो रक्षति रक्षित: अर्थात जो धर्म की रक्षा करता है धर्म उसकी रक्षा करता है और हर सनातनी का यह शाश्वत धर्म है कि वह अपने सनातन धर्म के बताए मार्ग पर चले, सनातन धर्म का प्रचार-प्रसार करे और आने वाली पीढ़ी को भी धर्म से जोड़े।

उक्त आशय के उद्गार श्री सनातन महासभा के संरक्षक जगतगुरु स्वामी नृसिंहदेवाचार्य महाराज ने श्री कृष्ण जन्माष्टमी शोभायात्रा की तैयारी को लेकर सिद्ध मंच गढ़ा रामलीला समिति द्वारा आयोजित बैठक में व्यक्त किए। बैठक में शोभायात्रा को भव्य बनाने के लिए महासभा के अध्यक्ष श्याम साहनी, अशोक मनोध्याय, गुलशन मखीजा, राकेश मिश्रा, प्रवेश खेड़ा, लोकराम कोरी, रमेश दुबे, असीम त्रिवेदी, सत्येंद्र ज्योतिषी, राजेंद्र प्यासी एवं अन्य ने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। इस बैठक में महासभा की ओर से मनोज शर्मा, विद्येश भापकर, विष्णु पटेल, संदीप मिश्रा और शरद काबरा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### ताहिर अली बने ननि में सांसद प्रतिनिधि

**जबलपुर।** राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तन्खा ने विधायक लखन घनघोरिया, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा, नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा की सहमति से कांग्रेस नेता एवं पूर्व पार्षद सैय्यद ताहिर अली को नगर निगम के लिए अपना सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया है। इस संबंध में सांसद तन्खा ने नगर निगम आयुक्त को आधिकारिक पत्र जारी कर नियुक्ति प्रभावी होने की जानकारी दी है तथा संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश जारी करने का अनुरोध किया है। जारी आदेश के अनुसार, सांसद विवेक तन्खा की अनुपस्थिति में एडवोकेट सैय्यद ताहिर अली नगर निगम की सामान्य सभा, समितियों एवं अन्य आवश्यक बैठकों में उनका प्रतिनिधित्व करेंगे। साथ ही नगर निगम के विकास कार्यों, जनहित से जुड़े विषयों और महत्वपूर्ण निर्णयों की जानकारी सांसद कार्यालय तक पहुंचाने का दायित्व भी निभाएंगे। नगर निगम प्रशासन से उन्हें सांसद प्रतिनिधि के रूप में आवश्यक मान्यता एवं सहयोग प्रदान करने का अनुरोध भी किया गया है।

महिला शिक्षा

10वीं के बाद करियर का बेहतर विकल्प, फिर भी छात्राओं की पहली पसंद नहीं बन पा रहा एम .ओ .एम कोर्स

# शिक्षा की जागरूकता कमी बनी सबसे बड़ी चुनौती

**नवभारत,जबलपुर।** तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शासकीय महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, जबलपुर में संचालित मॉडर्न ऑफिस मैनेजमेंट तीन वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम इस वर्ष अपेक्षित प्रवेश नहीं जुटा पाया है। महाविद्यालय में इस पाठ्यक्रम की कुल 73 सीटें उपलब्ध हैं, लेकिन अब तक केवल 23 छात्राओं ने प्रवेश लिया है। शेष सीटों को भरने के लिए 14 अगस्त 2026 को कॉलेज लेवल काउंसलिंग आयोजित की जाएगी, जिससे प्रवेश संख्या बढ़ने की उम्मीद है।

महाविद्यालय की टीपीओ डॉ रश्मि चौरसिया ने नवभारत को बताया कि इस स्थिति का सबसे बड़ा कारण पाठ्यक्रम के प्रति जागरूकता की कमी है। आज भी अधिकांश छात्राएं और अभिभावक 10वीं के बाद उपलब्ध तकनीकी एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की पर्याप्त जानकारी नहीं रखते। कई छात्राएं 12वीं की पढ़ाई को ही एकमात्र विकल्प मान लेती हैं, जबकि 10वीं के बाद ऐसे व्यावसायिक पाठ्यक्रम उन्हें कम समय में रोजगार के लिए तैयार कर सकते हैं।

### पढ़ाई के साथ प्रोफेशनल स्किल्स का विकास जरूरी

इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को आधुनिक कार्यालयों की कार्यप्रणाली से परिचित कराना और उन्हें रोजगार के लिए तैयार करना है। प्रशिक्षण के दौरान कंप्यूटर, अकाउंटिंग, टाइपिंग, फ्रंट ऑफिस मैनेजमेंट, मार्केटिंग और संचार कौशल पर विशेष ध्यान दिया जाता है। साथ ही इंडस्ट्री एक्सपोजर, अप्रेंटिसशिप और प्लेसमेंट सहायता के माध्यम से छात्राओं को करियर की बेहतर शुरुआत करने का अवसर मिलता है।

### इनका कहना है



एम.ओ.एम एक स्किल आधारित और रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम है, जिसमें छात्राओं को इंडस्ट्री की जरूरतों के अनुरूप व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाता है। जानकारी के अभाव में इस वर्ष अपेक्षित प्रवेश नहीं हो सके हैं। पाठ्यक्रम के दौरान छात्राओं को इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग, अप्रेंटिसशिप और प्लेसमेंट सहायता भी दी जाती है, जिससे उनके रोजगार की संभावनाएं बढ़ती हैं। हमें उम्मीद है कि 14 अगस्त की कॉलेज लेवल काउंसलिंग के बाद प्रवेश संख्या में वृद्धि होगी।

**डॉ. रश्मि चौरसिया , टीपीओ, महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज**



एम . ओ . एम ऐसा पाठ्यक्रम है जो छात्राओं को आधुनिक कार्यालयों की आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल प्रदान करता है। दुर्भाग्यवश अभी भी 10वीं के बाद उपलब्ध इस कोर्स की जानकारी बहुत कम छात्राओं और अभिभावकों तक पहुंच पाती है। हमारा प्रयास है कि अधिक से अधिक छात्राएं इस अवसर का लाभ उठाएं और तकनीकी शिक्षा के माध्यम से आत्मनिर्भर बनें।

**डॉ हेमलता ठाकुर , मॉडर्न ऑफिस मैनेजमेंट हेड इंचार्ज**

# अजय नायक सचिव और महेश कश्यप अध्यक्ष निर्वाचित

राष्ट्रीय डाक कर्मचारी संघ का 27वां प्रांतीय अधिवेशन संपन्न



**नवभारत, जबलपुर।** राष्ट्रीय डाक कर्मचारी संघ, मध्यप्रदेश परिमंडल का 27वाँ प्रांतीय अधिवेशन जबलपुर में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अधिवेशन में प्रदेश के विभिन्न डाक मंडलों से आए प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा संगठन की मजबूती, कर्मचारियों के हितों और भविष्य की कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई।

अधिवेशन के दौरान संगठन के नए पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से निर्विरोध निर्वाचन किया गया। इसमें अजय नायक को प्रांतीय सचिव तथा महेश कश्यप को प्रांतीय अध्यक्ष के पद पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया।

**कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए संकल्प-** नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का प्रतिनिधियों ने गर्मजोशी से स्वागत करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएँ दीं। अपने संबोधन में नवनिर्वाचित प्रांतीय सचिव अजय नायक ने संगठन की एकता को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए कर्मचारियों के हितों की रक्षा, संगठन के विस्तार और डाक कर्मचारियों की समस्याओं के प्रभावी समाधान के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया। अधिवेशन के सफल आयोजन में जबलपुर संभाग एवं समस्त राष्ट्रीय डाक कर्मचारी संघ परिवार के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के संकल्प के साथ हुआ। उपस्थित प्रतिनिधियों ने कर्मचारियों की एकजुटता बनाए रखते हुए उनके अधिकारों और कल्याण के लिए निरंतर कार्य करने का भरोसा व्यक्त किया।